लेकिन तुम अपने मन में पूछ रही होगी, डिनर में कोन कोन आया था? मैं बताता हूँ। अपनी पढ़ाई की वजह से में तो देर से पहुँचा । मेरे पहुँचने पर मुझे कमरे के एक कोने में बिठाया गया । खन्ना जी को सबों के बीच में बिठाया गया, और उनके बग़ल में उनकी पत्नी जो मुझे बहत अच्छी लगीं। उनके लड़के को भी बुलाया गया था, पर किसी वजह से वह नहीं आया । संगीता अपनी सहेली पिंकी (मन्ना जी की छोटी बहिन) के साथ फ़िल्म देखने गई थी; वे लोग फ़िल्म के ख़त्म होने पर क़रीब ग्यारह बजे घर आ गई और जितना खाना बचा था, खा लिया । (फ़िल्म थी "हम आपके हैं कौन", जो कई साल पहले बनाई गई थी; संगीता तो उसे कम से कम चार-पाँच बार देख चुकी होगी, उसे फिर से क्यों देखना चाहती थी, मेरी समझ में नहीं आता।) सुरेश भी आए थे; कमला जी ने उन्हें अपने पास बिठा लिया । अरुण तो किसी दोस्त से मिलने गए ये इसलिए वे तो "अनुपस्थित" थे। उन्हें इस प्रकार के शब्द बहुत पसंद हैं-अपनी बोली में वे इतने संस्कृत के शब्द लाद देते हैं कि मझसे तो उनकी आधी बातें समझी नहीं जातीं।

1- **Metinde geçen gramer kuralların analizini yaparak Türkçeye çevirmek.**